वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः पू0वि0वि0/डी0एस0डब्ल्यू/671/2024–25

दिनांक : 12.02.2025
अनुस्मारक–द्वितीय

प्रेषक,

अधिष्ठाता छात्र कल्याण
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जनपद–जौनपुर एवं गाजीपुर

विषय–समर्थ पोर्टल पर अवशेष छात्र/छात्राओं के पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षा इत्यादि समर्थ पोर्टल के माध्यम से सम्पादित की जानी है। जिस हेतु महाविद्यालयों के समस्त छात्र/छात्राओं को समर्थ पोर्टल पर ऑन–लाईन पंजीकरण कराये जाने हेतु परीक्षा नियन्त्रक महोदय के पत्र संख्या–619/प.नि.का./2024, दिनांक 24.01.2025 के क्रम में निर्देश भी जारी किये गये थे। अवगत हो कि सत्र 2024–25 की विषम सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व तक समस्त महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर शत–प्रतिशत छात्र/छात्राओं का पंजीकरण नही कराया जा सका, फलस्वरूप उ0प्र0 शासन ने वर्तमान सत्र हेतु पूर्व की भॉति परीक्षा कराये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया कि आगामी सत्र के पूर्व महाविद्यालयों द्वारा शत–प्रतिशत छात्र/छात्राओं का पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर कर लिया जायेगा। अत्यन्त दुःख के साथ आपको यह सूचित करना पड़ रहा हैं कि अभी भी विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 1 लाख छात्र/छात्राओं का पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर नही हो पाया है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय के परीक्षा नियत्रंक महोदय द्वारा भी पत्र के माध्यम से आपकों निर्देशित किया गया था परन्तु स्थिति में कोई सुधार नहीं दिख रहा है। महाविद्यालयों द्वारा ऐसी उदासीनता क्यों बरती जा रही है यह समझ से परे है। आपकी सुविधा हेतु आपके महाविद्यालय के अवशेष छात्र/छात्राओं की सूची पी0डी0एफ0 में महाविद्यालयवार संलग्न कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

उक्त के आलोक में प्राथमिकता के आधार पर कृपया एक पक्ष में महाविद्यालय के अवशेष छात्र/छात्राओं का पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

12/02/25

प्रो0 अजय द्विवेदी
अधिष्ठाता छात्र कल्याण/
प्रभारी, महाविद्यालय समर्थ पोर्टल लॉगिन

प्रतिलिपि :–निम्न को सूचनार्थ।
1–निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2–कुलसचिव,
3–वित अधिकारी।
4–प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय के साथ प्रषित कि उक्त पत्र को वि0वि0 की वेबसाईट पर अपलोड करें।

12/02/25

प्रो0 अजय द्विवेदीअधिष्ठाता छात्र कल्याण/
प्रभारी, महाविद्यालय समर्थ पोर्टल लॉगिन